न्यायालय जिला कलक्टर, अलवर (राजस्थान)

अपील संख्या:– 12/148/2021 रजू दिनांक: 20.09.2021 रजि0 न0 2021/290

अपीलार्थी:–	प्रत्यर्थी:–
श्री राजूसिंह यादव पुत्र नवलसिंह यादव, नि0 डी–4/53, अपना घर शालीमार अलवर, जिला अलवर (राजस्थान)	लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन अति0 जिला कलेक्टर (द्वितीय) ,अलवर

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

—:: निर्णय ::—

दिनांक:– 05.10.2021

1. अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2021 प्रस्तुत कर वर्णित तथ्यों पर सूचना चाही गई, जो उन्हे उपलब्ध नही कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।
2. अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।
3. अपील प्राप्त होने पर दर्ज कर वाँछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में लोक सूचना अधिकारी से जवाब तलब किया गया एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी किया कि यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है तो दिनांक 05.10.2021 को उपस्थित आवें।
4. अपीलार्थी उपस्थित नही आया। लोक सूचना अधिकारी से जवाब प्राप्त हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी ने पत्रांक लो.सू.अ./प्रथम अपील/2021/1800 दिनांक 22.09.2021 के माध्यम से अपीलार्थी को सूचित करते हुए जवाब नोटिस पेश किया जिसके द्वारा अवगत कराया है, कि संबंधित प्रभारी अधिकारी (राजस्व प्रकोष्ठ) कलक्ट्रेट, अलवर के पत्र 12–3(03)राजस्व/सूअ/2021/5083 दिनांक 10.08.2021 व पूर्व पत्रांक सं0 4000 दिनांक 19.08.2021 के माध्यम से प्राप्त सूचना कार्यालय के पत्रांक लो.सू.अ./विविध/2021/1724 दिनांक 13.09.2021 के माध्यम से अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है। प्राप्त सूचनानुसार वांछित सूचना अन्य दीगर व्यक्तियों के व्यवसय व व्यक्तिगत सूचना होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 व 9 के तहत देय नही है।
5. अतः लोक सूचना अधिकारी के दिये गये जवाब एवं उपरोक्त विवेचन के आधार पर इस लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर से किसी प्रकार की अन्य कार्यवाही/सूचना उपलब्ध कराई जाना अपेक्षित नही है। अतः अपील अपीलांट अस्वीकार किये जाने योग्य है।
6. उक्त आलोक में अपील अपीलांट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जावें।
7. निर्णय आज दिनांक 05.10.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।
8. पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(नन्नूमल पहाड़िया)
जिला कलक्टर, अलवर